**न्यायालय अपर जनपद न्यायाधीश, कक्ष संख्या - 06, बलरामपुर।**

पीठासीन अधिकारी : प्रदीप कुमार - ।।।, उच्चतर न्यायिक सेवा

**सिविल अपील संख्या - 17/2022**

**नान्हू बनाम संतोष कुमार आदि।**

**दिनांक : 14.03.2026 (राष्ट्रीय लोक अदालत)**

पत्रावली राष्ट्रीय लोक अदालत में पेश हुई। पुकार पर उभयपक्ष मय विद्वान अधिवक्ता उपस्थित। पत्रावली आज सुलहनामा कागज सं० 28क[1] के निस्तारण हेतु नियत है।

पत्रावली के अवलोकन से विदित होता है कि उभयपक्ष द्वारा सुलहनामा कागज सं० 28क[1] दाखिल कर मुकदमे का निस्तारण उक्त सुलहनामे के आधार पर किये जाने की याचना की गई है।

सुलहनामा कागज सं० 28क[1] पर वादी ने अपने हस्ताक्षर किये हैं एवं अपना फोटो चस्पा किया है, जिसे उनके विद्वान अधिवक्ता द्वारा सत्यापित किया गया है। सुलहनामा पर प्रतिवादीगण ने अपने हस्ताक्षर किये हैं तथा अपने फोटो चस्पा किये हैं, जिसे उनके विद्वान अधिवक्ता द्वारा सत्यापित किया गया है। सुलहनामा कागज d सं० 28क[1] पक्षकारों को पढ़कर सुनाया और समझाया जा चुका है, जिसे सुनकर और समझकर उभयपक्ष द्वारा अपनी सहमति व्यक्त की जा चुकी है। सुलहनामा के अवलोकन से स्पष्ट है कि सुलहनामा वादी व प्रतिवादीगण के मध्य किया गया है, जिससे वाद में विवादित विषयवस्तु के बाबत् विवाद का निपटारा हो रहा है। अतः प्रस्तुत वाद सुलहनामा कागज सं० 28क[1] के आधार पर निर्णीत किये जाने योग्य है।

**आदेश**

प्रस्तुत सिविल अपील, सुलहनामा कागज सं० 28क[1] की शर्तों के अनुसार निर्णीत किया जाता है। सुलहनामा डिक्री का अंग होगा। प्रस्तुत सुलहनामा का प्रभाव केवल अपील मेमो के पक्षों पर ही बाध्यकारी होगा। साथ ही उक्त सुलहनामें का प्रभाव केवल पक्षकारों की सहूलियत के बाबत् होगा।

बाद आवश्यक कार्यवाही पत्रावली नियमानुसार दाखिल अभिलेखागार हो।

**(प्रदीप कुमार - ।।।)**
अपर जनपद न्यायाधीश,
कक्ष संख्या - 06, बलरामपुर।
ID No. U.P. 1591